# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 25.03.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. प्रदेश भर में आस्था और उमंग के साथ मनाया जा रहा है होली का त्योहार : अयोध्या और मथुरा में रंगोत्सव की विशेष धूम।
2. भारतीय जनता पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने राज्य की विभिन्न लोकसभा सीटों के लिये प्रत्याशियों के नामों का किया एलान।
3. निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों सहित सभी संबंधित पक्षों को लोक सभा चुनाव के दौरान कागज का कम से कम उपयोग करने के दिय निर्देश।

और

4. भारत बॉयोटेक ने वयस्कों पर टीबी के टीके का चिकित्सीय परीक्षण किया शुरू।

---

प्रदेश भर में रंगों का त्योहार होली आस्था और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। लोग अबीर–गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली पर्व की बधाई दे रहे हैं। अयोध्या में नवनिर्मित रामलला मंदिर में पहली बार रंगोत्सव का आयोजन किया गया। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इस मनाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं। और ब्यौरा हमारे प्रतिनिधि से....

*अयोध्या में सूरज तो ढल गया, कतु रामलला की होली का उमंग और उत्साह अभी भी शबाब पर है, जो देर रात तक यूं ही हिलोरे लेता रहेगा, भोर में हुए श्रंगार और विशेष आभूषणों से सुसज्जित राम लला के दर्शन का सिलसिला अभी भी जारी है,हर श्रद्धालु रामलला के ललाट पर लगे हर्बल गुलाल को देख निहाल हो रहा है और साथ ही भोग प्रसाद पाकर अपने आप को धन्य मान रहा है, सरयू तट से लेकर रामलला के दरबार तक राम पथ हो, जन्मभूमि पथ हो या फिर भक्ति पथ हो सभी मार्ग रामलला की पहली होली पर श्रद्धालुओं के समर्पण भाव को परिभाषित कर रहे हैं और दर्शन को लगी लंबी कतार श्रद्धालुओं के उत्साह और उमंग को बयां कर रही है। लोग एक दूसरे से गले मिलकर रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की बधाइयां भी दे रहे हैं। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।*

वहीं ब्रज मंडल में भी होली की चहुंओर धूम है। डिस्पैच...

*ब्रजमंडल में होली की धूम है यहां के प्रमुख मंदिर मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि, द्वारिकाधीश मंदिर, वृन्दावन के विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांकेबिहारीजी मंदिर, इस्कॉन मंदिर, प्रियकांतजू मंदिर, बरसाना की राधारानीजी मंदिर, नंदगांव में नंदबाबा जी के मंदिर, गोवेर्धन गिरिराज जी मंदिर, बल्देव गोकुल सहित प्रमुख मंदिरों में देश–विदेश से आये श्रद्वालु अपने–अपने ठाकुरजी को साक्षी मानते हुए होली खेल रहे है। यहां मुख्य रूप से वृन्दावन के अक्षयपात्र में राधाकृष्ण मंदिर में भक्तों के साथ बड़ी संख्या में देशी–विदेशी श्रद्धालु होली खेल रहे है। एक–दूसरे*

*को अबीर–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दे रहे है। बृज में चहुओर होली का आनंद रस बरस रहा है और लोग टोलिया बनाकर ढोल–नगाड़े मजीरे बजाते होली के गीत आज बृज में होली रे रसिया पंजोरी रे रसिया के गीत गाकर एक दूसरे के घर–घर जाकर अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाये दे रहे है। मुहम्मद उमर कुरैशी आकाशवाणी समाचार मथुरा।*

कई जगहों पर होली मनाने और रंग खेलने की विशेष परम्परा है। बाराबंकी जिले में प्रसिद्ध सूफ़ी संत हाजी वारिस अली शाह की दरगाह पर विभिन्न सम्प्रदाय के लोग फूलों की होली खेल कर आपसी सौहार्द की मिसाल पेश करते हैं। डिस्पैच....

*बाराबंकी जनपद के देवा प्रसिद्ध सूफ़ी संत हाजी वारिसअली शाह की दरगाह पे यहाँ देश के कोने कोने विभिन्न संप्रदाय के लोग विशेषकर होलीखेलने के लिये एकत्र हुए है पहले एकता मंच के बैनर तले एक जुलूस निकाला गया जो नगरक्षेत्र में होली खेलता हुआ दरगाह पहुँच फिर यहाँ सूफ़ी संत की मज़ार पर फूलों कीचादर चढ़ाई गई फिर फूलों और गुलाल को होली खेली गई । यहाँ आकर जैसे धर्म और जातिके सभी भेद मिट गए हों. दरगाह के ख़ादिम भी सभी के साथ होली के रंगों में सराबोरनज़र आ रहे आयोजन कर्ता शहज़ादे आलम वारसी ने बताया कि सूफ़ी संत के समय से हीयहाँ विभिन्न संप्रदाय के लोग होली खेलते चले आ रहे हैं .पहले मज़ार पे चादर औररंग पेश कर एकता के सूत्र में बांधने का प्रण लिया जाता है फिर हम एक दूसरे को गलेलगाकर बधाई देते हैं और उन्हें रंगों में रंगते हैं आकाशवाणी समाचार लखनऊ के लिये बाराबंकी से परवेज़ अहमद।*

पीलीभीत में मुस्लिम बाहुल्य शेरपुर कलां गांव में गालिया देकर फगुआ वसूलने की परम्परा निभाई गई। इसके अलावा जिले से मिली नेपाल सीमा पर भी होली जश्न रहा। इधर राजधानी लखनऊ में भी होली धूमधाम के साथ मनायी जा रही है। शहर में हर साल की तरह इस बार भी शाही दौर से निकलने वाली शोभा यात्रा उसी

परंपरा के साथ निकाली गई। शोभा यात्रा में हाथी, ऊंट, बैंडबाजे के साथ होलीयारों की टोली रंग गुलाल उड़ाते नजर आए। गंगा जमुनी तहजीब की प्रतीक इस शोभायात्रा में सभी धर्मों और सम्प्रदाय के लोग शामिल हुये।

अम्बेडकर नगर, कुशीनगर, बदायूं और बलरामपुर सहित अनेक जिलों में होली का त्योहार उल्लासपूर्ण माहौल में मनाया गया। इन जिलों में शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक होली की धूम रही। कल रात होलिका दहन के बाद आज सुबह जहां अबीर–गुलाल उड़ाया गया वहीं दोपहर में जमकर रंग भी बरसा। राज्य में होली पर्व के मद्देनजर सुरक्षा के कड़ बंदोबस्त किये गये हैं और लोगों को बिजली की कटौती मुक्त आपूर्ति की जा रही है।

——————

भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की तेरह संसदीय सीटों के लिये अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद कल रात पार्टी द्वारा जारी सूची के अनुसार सहारनपुर से राघव लखनपाल को टिकट दिया गया है जबकि मुरादाबाद से सर्वेश सिंह, मेरठ से सिने अभिनेता अरुण गोविल, गाजियाबाद से अतुल गर्ग, अलीगढ़ से सतीश गौतम, हाथरस से अनूप वाल्मीकि, बदायूं से दुर्विजय सिंह शाक्य, बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार, पीलीभीत से प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद, सुल्तानपुर से पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी, कानपुर

से रमेश अवस्थी, बाराबंकी सुरक्षित सीट से राजरानी रावत और बहराइच सुरक्षित सीट से डॉ अरविंद गोंड को लोकसभा चुनाव के लिए अपना प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने इस बार पीलीभीत से मौजूदा सांसद वरुण फिरोज गांधी और बदायूं की मौजूदा सांसद डॉ संघमित्रा मौर्या को प्रत्याशी नहीं बनाया है। अलीगढ़ से दो बार सांसद रहे सतीश गौतम को तीसरी बार भी टिकट दिया गया है। भाजपा अब तक राज्य की 64 लोकसभा सीटों के लिये प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है।

वहीं बहुजन समाज पार्टी ने नौ प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी की है। पार्टी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार मथुरा से कमलकांत उपमन्यु, हाथरस सुरक्षित से हेमबाबू धनगर, आगरा सुरक्षित से पूजा अमरोही, फतेहपुर सोकरी से रामनिवास शर्मा, फिरोजाबाद से सतेन्द्र जैन सौली, इटावा सुरक्षित से सारिका सिंह बघेल, कानपुर से कुलदीप भदौरिया, अकबरपुर से राजेश कुमार द्विवेदी और जालौन सुरक्षित से सुरेश चन्द्र गौतम चुनाव मैदान में होंगे। बसपा अब तक प्रदेश की पच्चीस संसदीय सीटों के लिये प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर चुकी है। बसपा ने इस बार लोकसभा चुनाव में किसी भी दल से गठबंधन नहीं किया है, जबकि पिछले चुनाव में उसने समाजवादी पार्टी और राष्टोय लोकदल के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था और उसे दस सीटों पर जीत मिली थी।

——————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में प्रदेश सरकार ने सात वर्ष का कार्यकाल आज पूरा कर लिया है। इस मौके पर श्री योगी ने सोशल मीडिया के जरिए प्रदेशवासियों का आभार जताया है। उन्होंने कहा है कि मौजूदा राज्य सरकार प्रदेश के सभी नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिये निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। सात वर्षों के दौरान सबका साथ–सबका विकास के मंत्र की बुनियाद पर सभी वर्गों के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में कामयाबी मिली है। उन्होंने कहा कि यह कार्यकाल नये भारत के नये उत्तर प्रदेश के सृजन को समर्पित रहे हैं।

——————

निर्वाचन आयोग आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल चुनाव प्रक्रिया को बढ़ावा दे रहा है। आयोग ने चुनाव मशीनरी आर राजनीतिक दलों को मतदाता सूची और चुनावी सामग्री के लिए कागज का उपयोग कम से कम करने के निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने ई–बुक्स और ई–डॉक्यूमेंट्स के उपयोग पर बल दिया है और डबल–साइड प्रिंटिंग तथा ले–आउट अनुकूलन सुनिश्चित करने के लिए कहा है।

निर्वाचन आयोग ने इस लोकसभा चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से ज्यादा से ज्यादा कम्युनिकेशन करने को भी कहा है। सार्वजनिक परिवहन के अधिकतम उपयोग के अलावा चुनाव आयोग ने पर्यावरण–अनुकूल वाहनों को बढ़ावा देना और कारपूलिंग को प्रोत्साहित करने का भी आदेश जारी किया है।

———————

स्वदेशी दवा निर्माता कम्पनी भारत बॉयोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड ने तपेदिक यानी टीबी के टीके–एमटीबी वैक का वयस्कों पर चिकित्सीय परीक्षण शुरु कर दिया है। भारत बॉयोटेक के अनुसार, टीबी का यह पहला टीका है जिसे स्पेन की दवा निर्माता कम्पनी–बॉयोफेब्री ने मानव स्रोत से तैयार किया है। परीक्षण के पहले चरण में यह टीका एचआईवी से संक्रमणरहित वयस्कों को लगाया गया है। दूसरे चरण में यह टीका एचआईवी

ग्रस्त वयस्कों को दिया जा रहा है। इस परीक्षण का उद्देश्य यह निर्धारित करना है कि यह टीका लोगों के लिए सुरक्षित है अथवा नहीं।

———————————